दबोचा गया अंतरराज्यीय गिरोह का शातिर ठग, नकदी व बाइक बरामद

पुलिस ने भेसरी नहर निवासी के साथ हुई ठगी का किया राजफाश

जासं • श्रावस्ती : हरदत्तनगर गिरंट पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने नकली सोने को असली बताकर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के ठग को देवरा नहर पटरी से दबोच लिया। आरोपित के कब्जे से ठगी के रुपये, पीली धातु के जेवर, चोरी की बुलेट बाइक व अन्य सामान बरामद हुआ है। एसपी ने ठग को गिरफ्तार करने वाली टीम को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

भिनगा स्थित पुलिस कार्यालय में सोमवार को एसपी घनश्याम चौरसिया ने मामले का राजफाश करते हुए संवाददाताओं को बताया कि 19 सितंबर को भेसरी नहर निवासी श्याम लाल यादव के साथ लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र के मऊ गांव निवासी कमलेश प्रजापति ने साढ़े छह लाख की ठगी की थी। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस सेल व हरदत्तनगर गिरंट थाने की पुलिस टीम को लगाया गया था। पुलिस टीम ने आरोपित को हरदत्तनगर क्षेत्र के देवरा नहर पुल के पास नहर की पटरी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के कब्जे से धोखाधड़ी कर ठगा गया सामान व चोरी की बाइक बरामद की गई है। पूछताछ में पाया गया कि आरोपित फर्जी आरसी और आधारकार्ड बनवाए था तथा नकली सोना बेचते समय अपना गलत नाम पवन राय की जगह कमलेश प्रजापति बताता था। उसके कब्जे से दो कंगन पीली धातु, एक चेन पीली धातु (असली सोना), 605.16 ग्राम पीली धातु (नकली सोना), एक्सिस बैंक का एक एटीएम कार्ड, चोरी की बुलेट बाइक यूपी-40 यू0756, चार अलग-अलग नंबरों के फर्जी आधारकार्ड व 4,800 रुपये बरामद किए गए हैं। एसपी ने बताया कि पकड़ा गया ठग इसके पूर्व बिहार के पटना व लखीमपुर खीरी में भी ठगी कर चुका है। गिरफ्तारी टीम में हरदत्तनगर गिरंट थाना प्रभारी शैलकांत उपाध्याय, सर्विलांस शाखा प्रभारी नितिन यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अंकुर कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी नीरज पाल सिंह, जयशीष यादव, आरक्षी अभिषेक सिंह, अभिषेक सिंह यादव, ज्ञानेंद्र शुक्ला, विनोद भारती आदि शामिल रहे।

पुलिस कार्यालय में गिरफ्तार ठग के बारे में जानकारी देते एसपी घनश्याम चौरसिया • जागरण

• ठगी के रुपये, पीली धातु के जेवर व अन्य सामान बरामद

अंतरराज्यीय ठग के कब्जे से बरामद किए गए रुपये व सामान • जागरण

जल्द होगा हत्या का राजफाश

महिला पुजारी रामावती की 22 जुलाई को हुई हत्या के मामले में नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी अभी तक न होने के संबंध में पूछे गए सवाल पर एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। नामजद आरोपितों की लोकेशन घटना स्थल पर नहीं पाई गई है। शीघ्र ही मामले का राजफाश कर दिया जाएगा।